भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 958

11 दिसंबर, 2023 को उत्तर के लिए

देश में इस्पात उत्पादन

958. श्री मिथलेश कुमार:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में देश में इस्पात का कुल कितना उत्पादन हो रहा है;

(ख) देश में इस्पात का उत्पादन बढ़ाने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गए हैं; और

(ग) तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क): वित्तीय वर्ष 2022-23 में क्रूड इस्पात उत्पादन 127.2 एमटीपीए था। अप्रैल-नवंबर, 2023-24 के दौरान यह 94.01 एमटीपीए (अनंतिम) है।

(ख) और (ग): सरकार ने इस संबंध में इस्पात उत्पादन में वृद्धि को सुविधाजनक बनाने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए हैं:-

i. सरकारी अधिप्राप्ति हेतु मेड इन इंडिया इस्पात को बढ़ावा देने के लिए स्वदेशी रूप से विनिर्मित लौह एवं इस्पात उत्पाद (डीएमआई एंड एसपी) नीति का क्रियान्वयन।

ii. देश में विशेष इस्पात के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए 6,322 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ विशेष इस्पात हेतु उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को अधिसूचित करना।

iii. देश के इस्पात क्षेत्र में इस्पात उपयोग, इस्पात की समग्र मांग और निवेश को बढ़ाने के लिए रेलवे, रक्षा, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, आवासन, नागरिक उड्डयन, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, कृषि एवं ग्रामीण विकास क्षेत्रों सहित क्षमतावान उपभोक्ताओं की और अधिक सहभागिता के साथ मेक इन इंडिया पहल तथा प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान।

iv. भारतीय इस्पात क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए कुछ इस्पात उत्पादों पर कारोबारी सुधारात्मक उपायों के अंशांकन (कैलिब्रेशन) के साथ इस्पात उत्पादों तथा कच्चे माल पर आधारभूत सीमा शुल्क में समायोजन।

v. अधिक अनुकूल शर्तों पर इस्पात बनाने के लिए कच्चे माल की उपलब्धता की सुविधा हेतु अन्य देशों के अलावा मंत्रालयों और राज्यों के साथ समन्वय।

*****